आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन

drishtiias.com/hindi/printpdf/ayushman-bharat-health-infrastructure-mission

प्रिलिम्स के लिये :

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

मेन्स के लिये:

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के उद्देश्य और महत्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
    - यह देश भर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिये सबसे बड़ी अखिल भारतीय योजनाओं में से एक है।
        - **यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त है।**
    - यह **10 'उच्च फोकस' वाले राज्यों में 17,788 ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों** को सहायता प्रदान करेगा और देश भर में **11,024 शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र** स्थापित करेगा।
    - इसके माध्यम से देश के पाँच लाख से अधिक आबादी वाले सभी ज़िलों में एक्सक्लूसिव क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के माध्यम से क्रिटिकल केयर सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जबकि शेष ज़िलों को रेफरल सेवाओं के माध्यम से कवर किया जाएगा।
    - इस योजना के अंतर्गत **एक स्वास्थ्य** पहल के लिये एक **राष्ट्रीय संस्थान**, वायरोलॉजी हेतु चार नए राष्ट्रीय संस्थान,दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में **डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन)** का एक क्षेत्रीय अनुसंधान मंच, नौ **जैव सुरक्षा स्तर- III** प्रयोगशालाएँ और रोग नियंत्रण के लिये पाँच नए क्षेत्रीय राष्ट्रीय केंद्र स्थापित किये जाएंगे।

- **उद्देश्य:**
    - शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एक मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा सुनिश्चित करना, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के अंतर्गत आपातकालीन स्थितियों या बीमारी के प्रकोप से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
    - ब्लॉक,ज़िला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से एक आईटी-सक्षम रोग निगरानी प्रणाली स्थापित करना।
        - सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को **एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल** के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिसका विस्तार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में किया जाएगा।
- **महत्त्व:**
    - भारत को लंबे समय से एक **व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली की आवश्यकता** है। वर्ष 2019 में लोकनीति-CSDS (Lokniti-CSDS) द्वारा किये गए एक अध्ययन ['दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की स्थिति (SDSA)-राउंड 3'] में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे हाशिये पर रहने वालों को सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है।
        - अध्ययन में पाया गया कि 70% स्थानों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ हैं। हालाँकि शहरी क्षेत्रों (87%) की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों (65%) में उपलब्धता कम थी।
    - **स्वच्छ भारत मिशन**, **जल जीवन मिशन**, **उज्ज्वला**, **पोषण अभियान**, **मिशन इंद्रधनुष** जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों को बीमारी से बचाया है। **आयुष्मान भारत योजना** के तहत 2 करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क इलाज मिला और **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन** के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।
- **अन्य संबंधित पहलें:**
    - **प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना**।
    - **प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना**।
    - **जन औषधि योजना**।

स्रोत: द हिंदू